

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### लाइन लॉस में आ रही कमी, मोर्चा की बड़ी जीत :नेगी

**संवाददाता** विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि विद्युत विभाग की लापरवाही मिलीभगत की वजह से लाइन लॉसेस एवं एटी एंड सी हानियों के चलते प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को महंगे दामों पर बिजली मुहैया कराई जाती है, जिसका खामियाजा अंततरू जनता को ही भुगतना पड़ता है। मोर्चा द्वारा वितरण हानियां एवं एटी एंड सी हानियां कम करने हेतु शासन से आग्रह किया गया था, जिसके क्रम में शासन ने एमडी, यूपीसीएल को निर्देश दिए एवं अनुपालन में यूपीसीएल के निर्देश पर विभागीय अधिकारियों ने राजस्व वसूली, विद्युत चेकिंग, विद्युत चोरों के खिलाफ एफआईआर, शिविर कैंप लगाकर लाइन लॉस कम करने की दिशा में कार्रवाई शुरू की,जोकि मोर्चा की बहुत बड़ी जीत है।

### पूरे विश्व में ई–कचरा अप्रत्याशित गति से बढ़ रहा

**संवाददाता** ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी अपनी विदेश यात्रा के पश्चात परमार्थ निकेतन पधारे, उन्होंने अपनी यात्रा की स्मृतियों को परमार्थ निकेतन परिवार और श्रद्धालुओं से साझा करते हुये कहा कि पूरे विश्व में ई–कचरा अप्रत्याशित गति से बढ़ रहा है जो कि मानवता और पर्यावरण दोनों के लिये घातक है। भारत में लगभग 95 प्रतिशत ई–कचरे का निस्तारण अनौपचारिक और अवैज्ञानिक तरीके से या तो जलाकर या एसिड के माध्यम से किया जाता है जो कि चिंतन का विषय है।

### भितरघातियों पर कांग्रेस ने दिए सख्त रुख के संकेत

**संवाददाता** देहरादून। कांग्रेस ने प्रदेश में पार्टी प्रत्याशियों के खिलाफ काम करने वालों के खिलाफ 10 मार्च के बाद सख्त रुख अपनाने के संकेत दिए हैं। कई जिलों से भितरघात होने की सूचना भी मिली है। ऐसी शिकायतों और प्रकरणों का ब्योरा एकत्र किया जा रहा है।

### न्युवोको ने जीरो एम एपॉक्सी टाइल ग्राउट किया लॉन्च

**संवाददाता** देहरादून। न्युवोको विस्टास कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भारत में पांचवीं सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी और पूर्वी भारत की सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी, ने पंजाब, दिल्ली, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बाजारों में जीरो एम एपॉक्सी टाइल ग्राउट लॉन्च किया है। जीरो एम एपॉक्सी टाइल ग्राउट सॉल्वेंट फ्री 2 कम्पोनेंट एपॉक्सी ग्राउट है जो हाई कम्प्रेशन, फ्लेक्सुरल, बेहद मजबूत जोड़ शक्ति, एसिड और कोरेसिव एजेंट्स के लिए प्रतिरोधी जैसी अनूठी विशेषताएं प्रदान करता है। जीरो एम एपॉक्सी टाइल ग्राउट एक फिलर पाउडर के साथ संयुक्त एपॉक्सी रेजिन से बना है।

# जल संस्थान को जारी एनओसी नगर निगम प्रशासन ने ले ली वापस

**अनुबंध**

■ उत्तराखंड जल संस्थान की ओर से 39 करोड़ की लागत नई पेयजल योजना पर किया जा रहा काम

■ जब तक इस पर अनुबंध नहीं होता तब तक रोक दिया गया काम

**संवाददाता**

ऋषिकेश। अर्धनगरीय पेयजल योजना के तहत उत्तराखंड जल संस्थान की ओर से 39 करोड़ की लागत नई पेयजल योजना पर काम किया जा रहा है। नगर निगम के 14 वार्डों में मानक विपरीत खुदाई और नागरिकों की परेशानी को देखते हुए जल संस्थान को जारी एनओसी नगर निगम प्रशासन ने वापस ले ली है। भविष्य में क्षतिग्रस्त सड़कों का निर्माण पेयजल संस्थान कराएगा। जब तक इस पर अनुबंध नहीं होता तब तक काम रोक दिया गया है।

नगर निगम में शामिल ग्रामीण क्षेत्र के करीब 14 वार्डों के लिए उत्तराखंड जल संस्थान की ओर से अर्धनगरीय पेयजल योजना पर काम शुरू किया गया था। 39 करोड़ की लागत से पूरी होने वाली इस योजना के तहत ठेकेदार ने जेसीबी मशीनें लगाकर इन वार्डों में सड़कों की खुदाई की। जेसीबी चलने से कई भवनों को क्षति पहुंची। ठेकेदार और कर्मचारियों के साथ विवाद की स्थिति पैदा हो गई।



हालात की समीक्षा के लिए गुरुवार को नगर निगम की महापौर अनीता ममगाईं ने नगर निगम सभागार में संबंधित क्षेत्र के पार्षद, जल संस्थान अधिकारियों और नगर निगम अधिकारियों की बैठक बुलाई। बैठक में उपस्थित पार्षद गुरविंदर सिंह, विजय बडोनी, जयेश राणा, वीरेंद्र रमोला, विपिन पंत, विजेंद्र मोगा, लक्ष्मी रावत ने उपस्थित जल संस्थान के अधिकारियों और ठेकेदार को खरी खोटी सुनाई। उपस्थित ठेकेदार पर आरोप लगाया कि ठेकेदार के लोग पार्षदों और नागरिकों के साथ बदसलूकी कर रहे हैं। इतना ही नहीं नगर निगम के साथ अनुबंध के मुताबिक काम नहीं हो रहा है, बल्कि सड़कों की खुदाई स्वीकृत मानक के विरुद्ध की जा रही है।

पार्षदों की बात सुनने के बाद महापौर अनीता ममगाईं ने उपस्थित जल संस्थान अधिकारियों और ठेकेदार को खरी खोटी सुनाई। उन्होंने कहा कि यदि कार्यप्रणाली में सुधार नहीं लाया गया तो संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। उन्होंने कहा कि जल संस्थान की ओर से रोड कटिंग के बदले नगर निगम को एक करोड़ रुपया दिया गया है। जबकि 14 वार्डों की सड़कें बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दी गई है।

नगर आयुक्त जीसी गुणवंत ने कहा कि विभाग के साथ नया अनुबंध शीघ्र किया जाएगा। एनओसी तत्काल खारिज की जा रही है। एक करोड़ धनराशि भी जल संस्थान को वापिस होगी। उन्होंने कहा कि टूटी सड़कों का जल संस्थान जब निर्माण कराएगा तो नगर निगम की तकनीकी टीम मौके पर मौजूद रहेगी।

बैठक में जल संस्थान के अधिशासी अभियंता राजेंद्र पाल, अधिशासी अभियंता नगर निगम विनोद कुमार जोशी, सहायक अभियंता एवीएस रावत, सहायक अभियंता मनोज डबराल, पार्षद मनीष बनवाल आदि मौजूद रहे।

### पूर्व में जारी एनओसी को रद्द किया जाएगाः महापौर

महापौर ने कहा कि जल संस्थान को यह धनराशि वापिस की जाएगी। पूर्व में जारी एनओसी को रद्द किया जाएगा। नए अनुबंध के मुताबिक अब जल संस्थान ही तोड़ी गई सड़कों का निर्माण कराएगा।

# जिलाधिकारियों को यूक्रेन में फंसे लोगों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश

**निर्देश**

■ उत्तराखण्ड के नागरिकों की सुरक्षा के लिए उत्तराखण्ड शासन ने अहम निर्देश जारी किए

## परिजन इस नंबर पर दे सकते हैं सूचना

**संवाददाता**

देहरादून। यूक्रेन में फंसे उत्तराखण्ड के नागरिकों की सुरक्षा के लिए उत्तराखण्ड शासन ने पहल करते हुए अहम निर्देश जारी किए हैं। वर्तमान में यूक्रेन में राजनीतिक एवं सामरिक परिस्थितियां अत्यंत संवेदनशील हो गई हैं। उत्तराखण्ड से शिक्षा एवं व्यवसाय के लिए राज्य के कई नागरिक यूक्रेन में निवासरत है। जिसे देखते हुए उत्तराखंड शासन ने इनकी सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई है।



प्रमुख सचिव आरके सुधांशु ने समस्त जनपदों के जिला मजिस्ट्रेट व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को अपने–अपने जनपदों के यूक्रेन में फंसे नागरिकों का विवरण ( उनका नाम, उत्तराखंड राज्य एवं यूक्रेन में पता, मोबाइल नम्बर, ई मेल, पासपोर्ट नम्बर इत्यादि प्राप्त कर तत्काल प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं। ताकि उनकी सुरक्षा के सम्बंध में विदेश मंत्रालय, भारत सरकार के माध्यम से आवश्यक कार्यवाही की जा सके। साथ ही सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि यदि यूक्रेन में आपका कोई परिजन अथवा संबंधी/परिचित है तो उनके संबंध में अपेक्षित सूचना 112 पर भी दे सकते हैं। उत्तराखंड के कई छात्र यूक्रेन में मेडिकल की पढ़ाई कर रहे हैं। इनमें राजधानी देहरादून के छात्र भी हैं। लगातार खराब होते हालात के कारण छात्रों के अभिभावक परेशान हैं।

### सीएम धामी ने किया परिजनों का आश्वस्त

**संवाददाता** देहरादून। रूस ने कीव–खारकीव समेत कई यूक्रेनी शहरों में मिसाइल से हमला शुरू कर दिया है। जिससे स्थिति भयावह होती जा रही है। अभी भी यूक्रेन के अलग–अलग शहरों में कई भारतीय फंसे हुए हैं। वहीं उत्तराखंड में भी अभिभावक अपने बच्चों के लिए चिंतित हैं। इसी बीच सीएम पुष्कर सिंह धामी ने एक ट्वीट किया है। जिसमें उन्होंने कहा कि छात्रों की सुरक्षा को लेकर लगातार विदेश मंत्रालय से संपर्क किया जा रहा। सीएम अभिभावकों से धैर्य रखने और केंद्र से संपर्क कर हर संभव सहायता करने का आश्वासन दिया। इससे पूर्व बुधवार को युद्ध की आशंका के बीच यूक्रेन में फंसे उत्तराखंड के नागरिकों की वापसी के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री कार्यालय से संपर्क साधा। उन्होंने कहा कि राज्य के एक–एक नागरिक को सकुशल लाया जाएगा।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+







Scan This Code

Read News
Watch News Channel

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।